

चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर (उ०प्र०)

# अखिल भारतीय
# किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी

## मेला थीम : श्रीअन्न-किसान सम्पन्न-देश प्रसन्न

दिनांक : 08, 09, एवं 10 अक्टूबर, 2023



## मुख्य आकर्षण:

- विश्वविद्यालय के अन्तर्गत शिक्षण पाठ्यक्रमों सम्बन्धी जानकारी
- विभागों/अनुभागों/शोध केन्द्रों द्वारा प्रदर्शित कृषि विविधीकरण मॉडल का अवलोकन
- उन्नतशील बीजों एवं पौध बिक्री
- आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन
- कृषि समस्या समाधान हेतु कृषक गोष्ठी
- प्रसार साहित्य का नि:शुल्क वितरण
- फल, शाकभाजी, श्रीअन्न के मूल्य सर्वंर्धित उत्पाद एवं परिरक्षित पदार्थ प्रदर्शनी
- पशु प्रदर्शनी प्रतियोगिता
- ड्रोन का सजीव प्रदर्शन
- सांस्कृतिक कार्यक्रम

## प्रसार निदेशालय

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:


डा० आर०के० यादव, निदेशक प्रसार मो०नं०- 9415153756
डा० पी०के० राठी, सह निदेशक प्रसार मो०नं०- 9415084830
डा० एन० लारी, मेला अधिकारी मो०नं०- 9305143744
डा० अनिल कुमार सिंह, सम्पत्ति अधिकारी मो०नं०- 9415425204
डा० सोहन लाल वर्मा, प्रसार निदेशालय मो०नं०- 7007253372





## आवासीय व्यवस्था

मेले में आये किसानों के ठहरने के लिए कृषक/प्रशिक्षण छात्रावास में विश्वविद्यालय के नियमानुसार व्यवस्था की जायेगी तथा मेला प्रांगण में भोजन का प्रबन्ध भुगतान पर उपलब्ध रहेगा। विशिष्ट एवं अन्य आगन्तुकों के लिए अतिथिगृह में नियमानुसार उपलब्धता के आधार पर कमरों की व्यवस्था भुगतान पर की जायेगी।

## मेला स्थल :

अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में किया जा रहा है जो जी0टी0 रोड रावतपुर से 1.5 कि.मी. (प्रवेश द्वारा गेट नं0 03) एवं कम्पनी बाग चौराहा (प्रवेश द्वार गेट नं0 01) से 1.0 कि.मी. तथा सेन्ट्रल स्टेशन एवं झकरकटी बस स्टैण्ड से 9.0 कि.मी. की दूरी पर स्थित है।

मेला भ्रमण हेतु आप सादर आमंत्रित हैं। आपके आगमन से किसान मेला की शोभा में वृद्धि होना स्वभाविक है।

## सम्पर्क सूत्र


### प्रसार निदेशालय

चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक, विश्वविद्यालय,कानपुर

डा० आर०के० यादव, निदेशक प्रसार मो०नं०- 9415153756
डा० पी०के० राठी, सह निदेशक प्रसार मो०नं०- 9415084830
डा० एन० लारी, मेला अधिकारी मो०नं०- 9305143744
डा० अनिल कुमार सिंह, सम्पत्ति अधिकारी मो०नं०-- 9415425204
डा० सोहन लाल वर्मा, प्रसार निदेशालय मो०नं०- 7007253372


# अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी

दिनांक : 08–10 अक्टूबर, 2023

श्रीअन्न–किसान सम्पन्न–देश प्रसन्न



चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर–2

## विश्वविद्यालय

चन्द्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर जिसे हम सब **"पत्थर कालेज"** के नाम से जानते है, प्रदेश के अग्रणी कृषि विश्वविद्यालयों में अपनी एक अलग पहचान रखता है जो अब देश का प्रथम मान्यता प्राप्त कृषि विश्वविद्यालय भी हो गया है। विश्वविद्यालय अपने 08 महाविद्यालयों, 15 कृषि विज्ञान केन्द्रों 05 शोध केन्द्रों, एटिक के माध्यम से किसानों के खेतों तक नवीनतम कृषि तकनीकी पहुंचा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न संस्थाओं संगठनों एवं कृषि निवेश आपूर्तिकर्ताओं के साथ सहभागिता स्थापित कर कृषकों हेतु सेवारत है।

## किसान मेला





आपको यह जानकर बहुत ही प्रसन्नता होगी कि अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी दिनांक 08–10 अक्टूबर, 2023 तक विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में आयोजन किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय किसान मेले के माध्यम से कृषकों, प्रसार कार्यकर्ताओं एवं अन्य आगन्तुकों को कृषि शोध की नवीनतम् तकनीकी, उन्नत कृषि यंत्रों एवं पशु चिकित्सा विज्ञान की नवीनतम् उपलब्धियों के विषय में जानकारी दी जायेगी।

मेले में नवीनतम् तकनीकी एवं उत्पाद प्रदर्शित करने हेतु 86 से अधिक स्टाल लगाये जायेंगे। स्टालों पर विविधीकरण, कृषि निवेश, शोध कार्य, बीज उत्पादन, जैविक नियन्त्रण, शाक–भाजी उत्पादन, औद्यानिक, कृषि अभियन्त्रण, डेयरी विकास प्रसंस्करण, बायोटेक्नोलॉजी, गृह विज्ञान आदि से सम्बन्धित जानकारी दी जायेगी। मेले में श्रीअन्न आधारित मूल्य सवंर्धित विभिन्न उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जायेगा। मेले के दौरान तीनो दिन कृषक गोष्ठी का आयोजन कर किसानों की सामयिक समस्याओं का निराकरण एवं विभिन्न विषयों पर कृषि वैज्ञानिकों द्वारा व्याख्यान हेतु तकनीकी सत्र का आयोजन किया जायेगा साथ ही विगत वर्षो की भांति कृषक रोचक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित कर विजेता को पुरस्कृत किया जायेगा।

## मेले का प्रसंग

कृषि विकास का लाभ विभिन्न किसानों विशेषकर लघु एवं सीमांत कृषक वर्तमान में अनेक चुनौतियों से जुझ रहा है जैसे जलवायु परिवर्तन, उत्पादन में गिरावट, मृदा स्वास्थ्य में कमी, किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य न मिल पाना एवं पोषण असुरक्षा आदि है जिसका प्रमुख कारण किसानों में तकनीकी ज्ञान का अभाव है। अन्तर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के परिप्रेक्ष्य में पोषण सुरक्षा के दृष्टिगत श्रीअन्न (मिलेट्स) को बढ़ावा देने एवं देश का समग्र विकास हेतु इस अखिल भारतीय किसाना मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी 2023 का मुख्य प्रसंग **"श्रीअन्न– किसान सम्पन्न–देश प्रसन्न"** रखा गया है।

## मेले के प्रमुख आकर्षण

- किसान मेले का उद्घाटन दिनांक 08 अक्टूबर, 2023 (पूर्वान्ह 11.00 बजे)।
- विभिन्न व्यापारिक संगठनों/प्रतिष्ठानों कृषि उद्योग प्रदर्शनी।
- विश्वविद्यालय परिसर के शोध केन्द्रों पर परीक्षणों एवं प्रदर्शनों का अवलोकन।
- रबी फसलों एवं सब्जियों की उन्नतशील प्रजातियों के छोटे पैकेट्स में बीजों की उचित मूल्य पर बिक्री।
- आधुनिक कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी।
- कृषि समस्या समाधान हेतु विचार गोष्ठी एवं विशेषज्ञों के व्याख्यान एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम।
- फल, शाक–भाजी एवं श्री अन्न के मूल्य सवंर्धित उत्पाद एवं परिरक्षित पदार्थ प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता।
- पशु प्रदर्शनी प्रतियोगिता।
- ड्रोन का सजीव प्रदर्शन।
- मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम।
- मेला समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 10 अक्टूबर, 2023।

## पंजीकरण

सम्बन्धित कम्पनियों, व्यापारिक संगठनों/प्रतिष्ठानों को मेला स्थल में अपने प्रदर्शन /स्टाल एवं उत्पादों को बिक्री करने हेतु सादर आमंत्रित किया जाता है। स्टाल के लिए जमीन एवं पण्डाल (शामियाना पर्दा, कनात, फर्नीचर) व विद्युत का किराया आकार के आधार पर इस प्रकार निर्धारित है–

**आकार 18X18 फीट** –किराया रू0 15000/–
**स्टाल में उपलब्ध सामान–**18X18 एक शामियाना, 06 कुर्सी, 02 मेज (कवर लगा हुआ), मैट, लाइट एवं पंखा।

मेले में स्टाल के अतिरिक्त साज सज्जा का व्यय मेले में भाग ले रहे संस्थान/संगठनों को स्वयं वहन करना होगा। स्टाल की बुकिंग हेतु धनराशि 15 सितम्बर, 2023 तक धनराशि एन.ई.एफ.टी./आर.टी.जी. एस. के माध्यम से वित्त नियन्त्रक, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के **भारतीय स्टेट बैंक, शाखा सी.एस.ए.यू., कानपुर खाता संख्या– 10337020453 IFS code SBIN0003809** को देय होगा।

## प्रदर्शनी

मेले में 08–09 अक्टूबर, 2023 (दो दिन) पशु प्रदर्शनी एवं 08 अक्टूबर, 2023 को फल, शाक–भाजी एवं श्री अन्न के मूल्य सवंर्धित उत्पाद एवं परिरक्षित पदार्थ प्रदर्शनी तथा विश्वविद्यालय परिसर के शोध केन्द्रों पर परीक्षणों एवं प्रदर्शनों का आयोजन किया जायेगा। प्रदर्शनी में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पशुओं को पुरस्कृत किया जायेगा तथा संस्थाओं एवं कम्पनियों के उत्तम प्रदर्शन के आधार पर स्टालों को भी पुरस्कृत किया जायेगा। इस सम्बन्ध में निर्णायक समिति का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।